अतिमहत्वपूर्ण/विशेषध्यानाकर्षण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक,
संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप/अनु06/एडिमट कार्ड/2026/1115 लखनऊः दिनांकः- 07/05/2026

विषयः सम सेमेस्टर/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर, मई-2026 परीक्षा में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओं के वेरिफिकेशन फार्म एवं एडमिट कार्ड निर्गत किये जाने विषयक।

महोदय,

सूच्य है कि सम सेमेस्टर/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर, मई-2026 परीक्षा दिनांक 11/05/2026 से परिषद द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न कराया जाना निर्धारित है। डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के वेरिफिकेशन फॉर्म एवं एडमिट कार्ड वर्तमान में संस्था लॉगिन एवं स्टूडेण्ट लॉगिन पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। छात्र/छात्राओं को एडमिट कार्ड उपलब्ध कराने एवं परीक्षा में सम्मिलित कराने संबंधी निर्देश निम्नवत् हैः-

1. सभी संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक, दिनांक 09/05/2026 की सांय 05:00 बजे तक अपनी संस्था में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को शील/संस्था मुहर लगाकर हस्ताक्षर करते हुए एडमिट कार्ड उपलबध करायेंगे।
2. संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक, की शील एवं हस्ताक्षर के बिना एडमिट कार्ड वाले परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा।
3. यदि किसी संस्था के छात्र/छात्रा द्वारा परीक्षा फार्म नहीं भरा गया है, तो उसे किसी भी दशा में परीक्षा में सम्मिलित नहीं कराया जायेगा।

निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी छात्र/छात्रा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रहने पाये। यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक का होगा।

भवदीय

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0ः प्राशिप/अनु06/एडिमट कार्ड/2026/1116-20 तद्दिनांकः- 07/05/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव उ0प्र0 शासन, लखनऊ/अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0 लखनऊ, महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. निदेशक ,प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र मेरठ, उ0प्र0।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।